दिनांक 17.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

'निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने सभी जोन अंतर्गत प्रमुख स्थलों सहित बाजारों में रात्रि कालीन सफाई किए जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।'

भिलाईनगर/ निगम के जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई के कार्य किये जा रहें हैं. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित सार्वजनिक स्थल में सफाई की गई।

निगम आयुक्त श्री संदरानी के द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था के साथ–साथ मतदान केंद्र एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार सभी जोन के आयुक्त एवं स्वास्थ्य निरीक्षक राजस्व एवं सफाई अमला नियमित साफ सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन में भी सफाई कार्य किया जा रहा है ।

निगम का स्वास्थ अमला सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ आम नागरिकों से अपील भी की जा रही है की वे 20 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें गंदगी फैलाए जाने पर निगम एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी रात्रिकालीन साफ सफाई व्यवस्था में दुकान बंद होने के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी सफाई के कार्य कर रहे हैं यह कार्य निरंतर सभी वार्डों के प्रमुख स्थलों पर चलाए जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अधिकारी को दिए तथा प्रतिदिन की जा रही साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी से अवगत कराने को कहा गया.

अपने अपने प्रभार वाले वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षकों के द्वारा व्यापारियों से अपने दुकान के सामने गंदगी ना फैलाए जाने की अपील भी की जा रही है । निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता एप अपने मोबाइल पर अवश्य डाउनलोड करें एवं आपके मोहल्ले क्षेत्र या गलियों में गंदगी फैली मिले तो उसकी फोटो खींचकर इस एप के माध्यम से प्रेषित करें जिसे नगर निगम द्वारा सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी